# पिंक फेस्ट 2025 भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति का भव्य उत्सव



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। पिंकसिटी फेस्टिवल 2025 का चौथा संस्करण, 'पिंक फेस्ट 2025' राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में भारत की समृद्ध शास्त्रीय विरासत के लिए एक भव्य श्रद्धांजलि के रूप में सामने आया, जिसमें 'अनुगूंज-राग, रस और शब्दों का अद्त मेल और भारतीय सांस्कृतिक वैभव का ताना-बाना' थीम के तहत उस्ताद और पारखी एक साथ आए। उस्ताद इमामुद्दीन खान डागर भारतीय संगीत, कला और संस्कृति सोसायटी द्वारा डागर अभिलेखागार संग्रहालय जयपुर के सहयोग से आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में प्रतिष्ठित कलाकारों, विद्वानों और कला के संरक्षकों की उपस्थिति देखी गई। डागर विरासत के दूरदर्शी संरक्षक शबाना डागर और इमरान डागर के नेतृत्व में, इस महोत्सव में गहन रूप से तल्लीन करने वाले सत्रों और आत्मा को झकझोर देने वाले प्रदर्शनों के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय संगीत का सार प्रदर्शित किया गया। तनुषा नागरथ द्वारा संचालित इस महोत्सव की शुरुआत नाद योग सुबह के सत्र, 'राग विज्ञान अनुभव' से हुई, जहाँ 9वीं पीढ़ी के उस्ताद नवाब खान ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की चिकित्सीय शक्ति के माध्यम से उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। इसके बाद 'गुणीजन सभा' हुई, जिसमें पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खान, प्रो. भरत गुप्त, उस्ताद नवाब खान , निलोय अहसन, इकबाल खान, दीपा माथुर और डागर अभिलेखागार संग्रहालय जयपुर की अध्यक्ष शबाना डागर सहित कई दिग्गजों का एक असाधारण पैनल शामिल था, जिन्होंने डॉ. उमा विजय के संचालन में शास्त्रीय परंपराओं के संरक्षण और विकास पर समृद्ध प्रवचन दिए। जैसे-जैसे शाम ढलती गई, दर्शक मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों की श्रृंखला से मंत्रमुग्ध हो गए। डागर घराने की प्रतिष्ठित ध्रुपद गायिका डॉ. गायत्री शर्मा ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद उस्ताद नवाब खान और उस्ताद नावेद खान की शानदार 'संतूर जुगलबंदी' हुई, जिसमें तबले पर उस्ताद तौफीक हुसैन और बांसुरी पर श्री शैजान खान ने संगत की। तबला वादक सलामत हुसैन के साथ उस्ताद साबिर खान की 'शास्त्रीय सारंगी वादन' ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। समापन समारोह में निलॉय अहसन और अपराजिता चक्रवर्ती की मंत्रमुग्ध कर देने वाली 'ध्रुपद जुगलबंदी' हुई, जिसमें पखावज पर पंडित प्रवीण आर्य और तानपुरा पर विक्रम श्रीवास्तव और गरिमा ने संगत की, जिसमें डागरवाणी घराने की अखंड परंपरा का जश्न मनाया गया। जैसे-जैसे महोत्सव का समापन हुआ, वातावरण सदियों पुराने रागों की प्रतिध्वनि से गूंज उठा, जिसने वहां मौजूद हर आत्मा पर अमिट छाप छोड़ी। 'अनुगूंज' का गहरा प्रभाव मंच से परे भी महसूस किया गया, जिसने परंपरा और आधुनिकता के बीच एक सेतु के रूप में भारतीय शास्त्रीय संगीत की स्थायी शक्ति को मजबूत किया। आयोजकों के शब्दों में, "यह उत्सव केवल एक आयोजन नहीं है; यह हमारी विरासत की आत्मा को जीवित रखने का एक आंदोलन है।" कलाकारों, विद्वानों और दर्शकों के प्रति हार्दिक आभार के साथ, उस्ताद इमामुद्दीन खान डागर भारतीय संगीत, कला और संस्कृति सोसायटी द्वारा डागर अभिलेखागार संग्रहालय जयपुर के सहयोग से क्यूरेट और प्रस्तुत 'अनुगूंज', जिसका प्रतिनिधित्व और नेतृत्व डागर विरासत की दूरदर्शी 20वीं सदी की वंशावली संरक्षक शबाना डागर और इमरान डागर ने किया, एक शानदार प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ

# संविदा चिकित्साकर्मियों को जल्द ही नियुक्ति प्रदान की जाएगी - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र खींवसर ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा संविदा पर जीएनएम के 2 हजार 338 पद, एएनएम के 3 हजार 58 पद एवं सीएचओ के 5 हजार 261 पदों पर भर्ती की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सफल अभ्यर्थियों को जल्द ही नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संविदाकर्मियों के नियमितिकरण की प्रक्रिया जारी है। पूर्व में संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण के लिए नियमानुसार 15 वर्ष का प्रावधान था। डेढ़ वर्ष पहले ही नए नियम बनाकर इस अवधि को घटाकर 9 वर्ष किया गया है। संविदा कर्मियों के नियमितिकरण के लिए प्रत्येक 3 वर्ष की कार्यावधि के लिए 1 पॉइंट निर्धारित किया गया है। इस अनुसार 15 वर्षों से कार्यरत संविदा कार्मिकों को 5 पॉइंट्स एवं 9 वर्षों से कार्यरत संविदा कार्मिकों को 3 पॉइंट्स दिए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदाकर्मियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के अंशदान 60:40 के अनुपात में मानदेय दिया जाता है। इससे पहले विधायक डॉ. जसवंत यादव के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एनएचएम के अन्तर्गत Rajasthan Contractual Hiring to Civil Posts Rules 2022 के कुल 39579 पद स्वीकृत हैं तथा Non-CSR के भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पीआईपी में 3900 पद स्वीकृत हैं। जिनका संख्यात्मक विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि Rajasthan Contractual Hiring to Civil Posts Rules 2022 के अधीन कार्यरत कार्मिकों को नियमित किये जाने का प्रावधान संविदा नियमों के नियम संख्या 20 (स्क्रीनिंग) में किया गया है, जिसकी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रदेश में एनएचएम के अन्तर्गत कार्यरत स्थायी तथा संविदा कर्मचारियों का संख्यात्मक विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। खींवसर ने बताया कि वित्त (व्यय-1) विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वाास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अन्तर्गत पात्रता रखने वाले कार्यरत कार्मिकों हेतु संविदा पदों के स्थान पर विभिन्न संवर्ग के कुल 4518 नियमित पद सृजित किये गये हैं। जिसका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। Rajasthan Contractual Hiring to Civil Posts Rules 2022 के उपनियम 20 स्क्रीनिंग में पात्र कार्यरत कार्मिकों के नियमितिकरण का प्रावधान निहित है। जिसका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने जानकारी दी कि नियमितिकरण के संबंध में वित्त विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी एसओपी दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 (परिशिष्ट् य) में प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार उक्त नियमित पदों के सेवा नियम हेतु चिकित्सा स्वामित्व एवं परिवार कल्याण विभाग के सेवा नियम (राजस्थान् चिकित्सा सेवा नियम 1963 एवं राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधीनस्थ सेवा नियम 1965) को राजस्थान स्टेसट हैल्थ सोसायटी की अधिशाषी समिति द्वारा अंगीकार (एडॉप्ट) किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा एनएचएम के अन्तर्गत Rajasthan Contractual Hiring to Civil Posts Rules 2022 के तहत समस्त संविदा पदों का मानदेय निर्धारित किया गया है। जिसका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। खींवसर ने बताया कि Rajasthan Contractual Hiring to Civil Posts Rules 2022 के उपनियम 13(1) मानदेय एवं अन्य सुविधाओं में प्रतिवर्ष 05 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का प्रावधान है जिसके अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि एनएचएम के अन्तर्गत संविदा कार्मिकों के रिलोकेशन किये जाने हेतु विभाग द्वारा रिलोकेशन पॉलिसी क्रमांक 250 दिनांक 19 फरवरी, 2024 जारी की गयी है। जिसका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा।

## मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा के जन्म दिवस पर उमडा जन सैलाब देर रात तक लगा रहा बधाईयों तांता



जयपुर( रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के सांगानेर मंडल के नवनिर्वाचित एवं भगवाधारी अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने अपने शुभचिंतकों के साथ सबसे पहले देव दर्शन के नियमित प्रथम पूज्य मोती डूंगरी के गणेश जी जयपुर के राजा गोविंद देव जी तथा देवों के देव महादेव ताडकेश्वर बाबा के दर्शन किए। इसके पश्चात सांगानेर के सांगा बाबा और त्रिपोलिया बालाजी के दर्शन कर आशीष मांगा। इसके बाद सांगानेर में स्थित श्री कृष्णा पैराडाइज गार्डन डिग्गी रोड मदरामपुरा में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन मनाया गया एवं जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। जन्मदिवस के मौके पर निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर एवं विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। इस विशाल रक्तदान शिविर में 500 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ।अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी।इसके पश्चात मुहाना मोड सांगानेर पर भाजपा सांगानेर मंडल के कार्यालय का उद्घाटन बड़े धूमधाम से किया गया। इस मौके पर संत प्रकाश दास महाराज एवं सांगानेर विधानसभा प्रभारी एडवोकेट श्री प्रकाश तिवाडी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सद्दाम बिग बॉस करने जा रहे हैं दूसरी शादी शबनम बनेगी जीवन साथी



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। कई शॉर्ट फिल्म बनाने वाले, एक छोटे से कस्बे का नाम रोशन करने वाले,असंभव को संभव बनाने वाले,नए-नए तरीके अपनाने वाले,अपनी बात पर अटल रहने वाले, दूर की बात को समझने वाले,सरल एवं सनकी स्वभाव के फिल्म प्रोड्यूसर सद्दाम बिग बॉस करने जा रहे हैं दूसरी शादी। होगी रस्म अदायगी। कुछ लोगों के खिलेंगे मन के फूल ,कुछ लोगों के दिलों पर छाएगी धूल,28 फरवरी को टोंक जिले में होने जा रहा है निकाह। जिसका क्षेत्र के सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार है। जयपुर के होटल में देंगे रिसेप्शन। चाचा बेवफा हो गया शॉर्ट मूवी का जल्द करेंगे पोस्टर लांच। फिर मचेगा चारों तरफ शोर, वंस मोर वंस मोर।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उन्नीसवी किश्त जारी

## -कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित




पाली, (रॉयल पत्रिका)। सहकारिता से समृद्धि की ओर मिशन के अंतर्गत किसानों को विकासोन्मुख करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा भागलपुर बिहार में किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवी किश्त जारी की गई। इस कार्यक्रम का जिला स्तर, तहसील एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अटल सेवा केंद्रों पर प्रसारित किया गया। जिला मुख्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, काजरी, सहकारिता विभाग, बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित 220 प्रगतिशील कृषकों व महिलाओं द्वारा भाग लिया गया।

जिसमें सर्वप्रथम जिला कलक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र पाली में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं कृषकों को संबोधित किया गया इसके पश्चात दी पाली सैन्.ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पाली के प्रबंध निदेशक प्रशान्त कल्ला ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में भाग लेकर फार्मर आई डी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उप निदेशक कृषि पी के छाजेड एवं उप निदेशक उधान मनोज कुमार द्वारा किसानों को कृषि व उद्यानिकी के बारे में राज्य सरकार से संबंधित संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम से किसानों को एल.ई.डी. वॉल (टी.वी.) के माध्यम से आनलाईन के माध्यम से लाईव कार्यक्रम से जोड़ा गया, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की उन्नीसवी किश्त का हस्तांतरण कर देश के किसानों को संबोधित किया गया। कृषि विभाग तथा प्रबन्ध निदेशक बैंक द्वारा प्रगतिशील कृषकों को माला पहनाकर स्वागत करते हुए प्रशस्ति पत्र व मोमेन्टों देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं प्रगतिशील कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर अनेक लोग मौजूद रहे।

# REET 2025 में ड्रेस कोड और फ्री बस यात्रा की सुविधा, परीक्षार्थियों के लिए विशेष इंतजाम



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में REET 2025 परीक्षा को लेकर प्रशासन ने ड्रेस कोड और फ्री बस यात्रा सहित कई अहम दिशानिर्देश जारी किए हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा और परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं।

**ड्रेस कोड के नियम:-** REET 2025 परीक्षा में नकल रोकने के लिए कड़े ड्रेस कोड नियम लागू किए गए हैं। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के कपड़े पहनने होंगे और पूरी बांह के कपड़ों की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, जूते-चप्पलों के बजाय साधारण सैंडल पहनने की सलाह दी गई है।

परीक्षार्थियों के लिए फ्री बस यात्रा:- राजस्थान सरकार ने REET अभ्यर्थियों के लिए राजस्थान रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा देने का ऐलान किया है। परीक्षार्थी एडमिट कार्ड दिखाकर परीक्षा से एक दिन पहले और परीक्षा के दिन राजस्थान रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा कर सकते हैं।

**एग्जाम सेंटर पर कड़ी सुरक्षा:-** परीक्षा केंद्रों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (मोबाइल, घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस आदि) ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

परीक्षा केंद्रों के बाहर सख्त निगरानी और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है।

**परीक्षार्थियों के लिए जरूरी निर्देश**

परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई है।

अभ्यर्थियों को सरकारी पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर आईडी) साथ लाना अनिवार्य होगा।

कोई भी संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

REET 2025 परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। परीक्षार्थियों को निर्देशों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है।

# लालकोठी योजना में पीएचक्यू से सहकार मार्ग से लक्ष्मी मंदिर चौराहा तक हटाए अतिक्रमण



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण में जोन पीआरएन-साउथ में षिव विहार विस्तार के भूखण्ड संख्या-31 जनक पैराडाईज में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन 04 अवैध दुकानों, टीनषेडनुमा स्ट्रेक्चर को ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-3 में लालकोठी योजना पुलिस हैड क्वार्टस मोड से सहकार मार्ग से लक्ष्मी मंदिर चौराहा तक रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस श्री कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-पी.आर.एन. (साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित षिव विहार विस्तार के भूखण्ड संख्या-31 जनक पैराडाईज में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन 04 अवैध दुकानों के लिए बनी सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, टीनषेडनुमा स्ट्रेक्चर व अन्य अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। जेडीए द्वारा जोन-03 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लालकोठी योजना पुलिस हैड क्वार्टस मोड से सहकार मार्ग से लक्ष्मी मंदिर चौराहा तक रोड़ सीमा में करीब 50 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से लगाये गये थडी, ठेलें, तिरपाल, बांस तम्बू इत्यादि किये गये अतिक्रमणों को आज जोन-03 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आर.एन.(साउथ), 03 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाष चन्द्र बिष्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in & enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की षिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

# राजस्थान में बारिश का येलो अलर्ट, कई जिलों में बारिश की संभावना



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा, बादल और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है।

**इन जिलों में हो सकती है बारिश:-** मौसम विभाग के अनुसार, जयपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर और जोधपुर संभागों में अगले 24 घंटे में बारिश हो सकती है।

**मौसम के बदलने का कारण:-** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। इसके चलते तेज हवा और हल्की बारिश के आसार हैं।

**फसलों पर असर:-** बारिश और तेज हवाओं का असर खेतों में खड़ी रबी की फसलों पर पड़ सकता है। किसानों को सतर्क रहने और फसलों को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है।

**अगले 24 घंटे में क्या रहेगा मौसम?** मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और हल्की ठंड बढ़ने की संभावना है। जयपुर समेत कई जिलों में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है।

# जयपुर एयरपोर्ट पर हंगामा, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में देरी से यात्री नाराज

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर एयरपोर्ट पर सोमवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस की फ्लाइट में देरी के कारण यात्रियों ने हंगामा कर दिया। यात्री अपनी फ्लाइट के सही समय पर उड़ान न भरने से परेशान हो गए और एयरलाइन प्रबंधन से जवाब मांगने लगे।

**क्या है मामला?**

जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट तकनीकी कारणों से देरी का शिकार हो गई। यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इस वजह से यात्री गुस्से में आ गए और एयरलाइन स्टाफ से स्पष्टीकरण की मांग करने लगे।

**यात्रियों ने जताई नाराजगी:-**

यात्रियों का कहना था कि उन्हें पहले ही देरी की सही जानकारी नहीं दी गई। एयरलाइन प्रबंधन से समुचित जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी बढ़ गई। कुछ यात्रियों ने एयरलाइन के खिलाफ नारेबाजी भी की। फ्लाइट में देरी के कारणों की जांच जारी एयरलाइन अधिकारियों ने यात्रियों को समझाने की कोशिश की और आश्वासन दिया कि फ्लाइट जल्द ही रवाना होगी। एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि फ्लाइट की देरी के पीछे तकनीकी कारण हो सकते हैं, जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल, एयरपोर्ट पर स्थिति सामान्य हो गई है और एयरलाइन की ओर से यात्रियों को आगे की अपडेट दी जा रही है।

# नगर परिषद ने सफाई व्यवस्था को लेकर शुरू किया अभियान

## -सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए डोर टू डोर किया जा रहा कचरा संग्रहण का कार्य



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद सवाई माधोपुर की ओर से क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने एक आदेश जारी कर कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए निर्देश दिए है।

नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई अभियान चलाया गया है जिसके तहत सभी वार्डों में जमादारों को प्रभारी नियुक्त कर सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए गए है। क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए ऑटो टिपर द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने सफाई व्यवस्था के लिए संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षक एवं जमादारों को मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए हैं। आयुक्त द्वारा संबंधित स्वास्थ्य एसआई से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि संबंधित वार्ड पार्षद से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेकर समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील भी की है ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

